e-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
स0सं0:–17–वि0सर्वे0–मानचित्र सत्यापन–273/2016....1044....

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

सचिव,
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक :– 09-05-2022

विषय :– राज्य में संचालित विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त प्रक्रिया अंतर्गत अपनाई गई मानचित्र निर्माण की प्रक्रिया में हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा किए गए कार्यों की शुद्धता की जाँच/सत्यापन का कार्य एवं तृतीय पक्ष के रूप में कार्य करने के संबंध में।

पत्रांक :– Bihar Remote Sensing Application Centre के परियोजना निदेशक के पत्रांक–BIRSAC-02/2022-60 Date- 03.02.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषय एवं प्रासंगिक पत्र के आलोक में कहना है कि राज्य में संचालित विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त प्रक्रिया अंतर्गत किए जाने वाले मानचित्र निर्माण में आनेवाली समस्याओं, GIS से संबंधित एवं अन्य समस्याओं के समाधान हेतु दिनांक– 03.08.2021 को अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में एवं 04.01.2022 को निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना की अध्यक्षता में बैठक कर विचार–विमर्श किया गया था। दिनांक– 04.01.2022 को हुए विमर्श के उपरांत Bihar Remote Sensing Application Centre के परियोजना निदेशक द्वारा प्रासंगिक पत्र के माध्यम से विशेष सर्वेक्षण प्रक्रिया के क्रम में तैयार किए जाने वाले मानचित्र की तृतीय पक्ष के रूप में जाँच के संबंध में Methodology एवं प्रस्तावित बजट उपलब्ध कराया गया।

उक्त के आलोक में दिनांक– 17.05.2022 को अपराह्न 12:00 बजे से अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में एक बैठक आयोजित की गई है। अनुरोध है कि उक्त बैठक में BRSAC, परियोजना निदेशक को उनके द्वारा दिए गए पत्र के आलोक में विस्तृत कार्य प्रस्ताव एवं प्रस्तुतीकरण देने का निदेश देने की कृपा की जाए।

साथ ही उक्त बैठक में भवदीय भाग लेने की कृपा करेंगे।

विश्वासभाजन

9/5/22

(जय सिंह)
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक: 17–वि0सर्वे0–मानचित्र सत्यापन–273/2016.......1044.......**पटना, दिनांक:**09-05-2022

प्रतिलिपि:–निदेशक, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Sanjeev-2022\Birendra kumar Aso\director\file no 273 2016 09.05.2022.doc

ज्ञापांकः 17–वि0सर्वे0–मानचित्र सत्यापन–273/2016.......1044.......**पटना, दिनांकः** 09-04-2022

प्रतिलिपिः– परियोजना निदेशक, बिहार सुदूर संवेदन उपयोग केन्द्र, तारामंडल, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः 17–वि0सर्वे0–मानचित्र सत्यापन–273/2016.......1044.......**पटना, दिनांकः** 09-04-2022

प्रतिलिपिः– सहायक निदेशक/प्रशाखा पदाधिकारी/प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग/प्रभारी, आई0टी0सेल/श्री कुमार कन्हैया, जी0आई0एस0 कोर्डिनेटर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः 17–वि0सर्वे0–मानचित्र सत्यापन–273/2016.......1044.......**पटना, दिनांकः** 09-04-2022

प्रतिलिपि : अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

9/4/22